संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दबंग दुनिया पृष्ठ 09 दिनांक 05/04/2021

## वार्ड 37 में गंदगी पाये जाने पर दरोगा मोहसीन-इब्राहिम निलंबित सफाई कार्य में लापरवाही न बरतें कर्मचारी

रतलाम। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 37 में गंदगी पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दरोगा मोहसिन इब्राहिम को निलंबित किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को निलंबित व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही जा रही है जिसके तहत वार्ड क्रमांक 37 के दरोगा मोहसीन-इब्राहिम को निलंबित किया गया। निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि वार्डों की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निष्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डों में साफ-सफाई नहीं पाये जाने पर संबंधितों को निलंबित व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

## कोरोना संक्रमित के घूमते पाए जाने पर कार्रवाई होगी

रतलाम। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने निर्देश दिए हैं कि कोई भी पॉजिटिव व्यक्ति जो होम आइसोलेशन में है यदि वह आइसोलेशन से बाहर कहीं घूमता पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उस व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई के साथ उसके परिवार के अन्य सदस्यों के विरुद्ध भी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कहीं कंटेनमेंट क्षेत्र बनाया गया है और उस कंटेनमेंट क्षेत्र के अंदर का व्यक्ति बाहर पाया जाता है तो उस पर दो हजार का जुर्माना लगाया जाएगा तथा कार्रवाई भी की जाएगी। उल्लेखनीय है कलेक्टर मात्र इस बारे में सिर्फ निर्देश ही देते है, जबकि कोरोना पॉजिटिव व्यक्तियों को बकायदा दुकानदारी करते हुए कई लोगों ने देखा है।

## गंदगी पाए जाने पर दरोगा मोहसीन-इब्राहिम निलंबित

रतलाम। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 37 में गंदगी पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दरोगा मोहसिन इब्राहिम को निलंबित किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को निलंबित व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही जा रही है जिसके तहत वार्ड क्रमांक 37 के दरोगा मोहसीन-इब्राहिम को निलंबित किया गया। निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि वार्डों की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निष्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डों में साफ-सफाई नहीं पाये जाने पर संबंधितों को निलंबित व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नवभारत---पृष्ठ ..12..दिनांक.06/04/..2021


# एक ही लक्ष्य :शहर स्वस्थ रखें और शत– प्रतिशत वैक्सीनेशन करवाएं

रतलाम। कलेक्टर गोपालचंन्द्र डाड ने रतलाम शहर के सामाजिक संगठनों, समाजसेवियों एवं सामाजिक रूप से सक्रिय पदाधिकारियों से कहा कि कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए रतलाम शहर में शत–प्रतिशत वैक्सीनेशन बहुत आवश्यक है। कोरोना के खात्मे के लिए वैक्सीनेशन जरूरी है और शत–प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए आप सभी को आगे आना होगा, सामाजिक दायित्व को निभाना होगा। इस पुनीत

**▸ समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने लिया शत–प्रतिशत वैक्सीनेशन कराने का संकल्प**

प्रयास में लीडरशिप करना होगी और समाज को जागरूक बनाना होगा। इस अभियान को वैक्सीन उत्सव, बना दें। वैक्सीनेशन ही हमें प्रसन्नता और खुशियों के अवसर प्रदान करेगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह, एडीएम जमुना भिड़े, अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शहर के सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न सक्रिय सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक में कलेक्टर श्री डाड ने कहा कि वैक्सीनेशन को लेकर यदि आम नागरिकों में किसी तरह की भ्रांतियां हैं तो



उन्हें बताएं, उन्हें जागरूक करें। इस कार्य में हमारी आवश्यकता हो तो हम भी उन भ्रांतियों को दूर करने के लिए तत्पर हैं।

जब तक 45 वर्ष की आयु से अधिक के सभी व्यक्तियों को टीकाकरण नहीं होगा तब तक हमारा एक ही लक्ष्य होगा, "अपना शहर स्वस्थ रखें और शत–प्रतिशत वैक्सीनेशन करवाएं"। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी यदि अपने समाज के लोगों को जागरूक करें और उन्हें वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें तो उनके लिए चिन्हित स्थानों पर वैक्सीनेशन के कैंप भी लगवाए जा सकते हैं। इससे अन्य समाजों के लोगों में भी जागरूकता बढ़ेगी और वे भी वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित होंगे।

**बीएलओ की सहायता लें:** कलेक्टर श्री डाड ने कहा कि 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के आपके क्षेत्र के या समाज के व्यक्तियों की जानकारी आप लेना चाहें तो संबंधित क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर से सहायता ले सकते हैं। बीएलओ के पास सभी मतदाताओं की आयु वार जानकारी होती है। आप जिन व्यक्तियों के पास वैक्सीनेशन की अपील के साथ पहुंच रहे हैं, उन्होंने वैक्सीनेशन कराया है अथवा नहीं यह भी जानकारी लें।

**लोग वैक्सीन तक पहुंचे इससे पहले लोगों तक वैक्सीन पहुंचे:** कलेक्टर श्री डाड ने कहा कि यह हमारा अपना अभियान है और इस अभियान को हम एक विशेष अभियान के तौर पर लें। जान है तो जहान है। यदि हम स्वस्थ रहेंगे तो ही सामाजिक रुप से, व्यक्तिगत रूप से उन्नति कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन के कैंप लगाने में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। यदि आप अपने समाज के या क्षेत्र के लोगों के लिए किसी विशेष दिन कैंप लगवाना चाहते हैं तो इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर से संपर्क पर कैंप आयोजित करवा सकते हैं।

नवभारत

## व्यापारिक, व्यवसायिक संस्थान 20 तक पूर्ण टीकाकरण करवाएं

कलेक्टर ने उपस्थित व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों की सहमति से यह निर्णय लिया कि शहर में सभी व्यापारिक एवं व्यवसायिक गतिविधियों में संलग्न प्रतिष्ठान, औद्योगिक संस्थान में 20 अप्रैल तक पूर्ण टीकाकरण अनिवार्य रूप से किया जाए। संस्थान के सभी सदस्य उनके परिवार के सदस्य जो 45 वर्षों वर्ष से अधिक उम्र के हैं उन सभी का अनिवार्य रूप से टीकाकरण होना आवश्यक है। यदि 20 अप्रैल तक संस्थान द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि जो संस्थान अपने कर्मचारियों, परिजनों एवं संबंधितों का शत–प्रतिशत टीकाकरण करवा लें वे अपने संस्थान के बाहर पूर्ण टीकाकरण संस्थान का संदेश देता बोर्ड भी लगा सकते हैं, जिससे अन्य संस्थानिक लोगों को प्रेरणा मिलेगी और आम लोगों को भी इससे हौसला मिलेगा।

## समाजसेवियों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए

बैठक में रोटरी क्लब सचिव दीप्ति कोठारी ने रोटरी क्लब सभाकक्ष,शैलेंद्र डागा ने माहेश्वरी भवन कसारा बाजार,महेंद्र गादिया ने मोहन टॉकीज क्षेत्र, मांगीलाल जैन ने लोकेंद्र भवन कंपाउंड में विशेष कैंप लगाने का आग्रह किया। समाजसेवी खुर्शीद अनवर एवं सलीम आरिफ ने आने वाले समय में रमजान को दृष्टिगत रखते हुए मुस्लिम एवं बोहरा बहुल क्षेत्रों में रात के समय वैक्सीनेशन कैंप लगाने की व्यवस्था करने का आग्रह किया।

# आवासहीन निम्न आय वर्ग परिवारों को 3 लाख अनुदान

- राज्य शासन ने अफोर्डेबल हाउस के जारी किए आदेश
- विधायक काश्यप ने मुख्यमंत्री का आभार जताया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

प्रधानमंत्री आवास योजना के अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप (एएचपी) घटक में अब निम्न आय वर्ग श्रेणी के सभी पात्र हितग्राहियों को भी तीन लाख रुपए का अनुदान मिलेगा। इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर दिए हैं।

विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया अभी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को एएचपी घटक में केंद्र से 1.5 लाख रुपए प्रति आवास की सहायता ही मिल रही थी। अब राज्य शासन ने निम्न आय वर्ग के पात्र हितग्राहियों को भी केंद्र के समान राज्य शासन से 1.5 लाख रुपए प्रति लाख रुपए प्रति आवास का अनुदान मिलेगा। इस तरह पात्र हितग्राहियों को 3 लाख रुपए का अनुदान मिलने लगेगा।

**दूसरे चरण का निर्माण जारी :-** विधायक काश्यप ने बताया शहर में डोसीगांव में दूसरे चरण अफोर्डेबल हाउस का निर्माण किया जा रहा है। इसमें लगभग 200 आवास बन रहे, जबकि कुल 1000 मकान बनाए जाना है। विधायक काश्यप ने आवासहीन परिवारों की मदद के लिए शासन द्वारा लिए गए निर्णय की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया है। इससे प्रत्येक परिवार को आवास के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को पूरा करने में मदद मिलेगी।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 19 दिनांक 06/04/2021

# कोरोना से अब तक 101 मौत, पांच दिन में नौ ने दम तोड़ा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना काल में संक्रमण की सबसे तेज रफ्तार मार्च माह में देखी गई जो अप्रैल में भी जारी है। इस माह पांच दिनों में 421 मरीज मिले हैं। औसतन 84 प्रतिदिन के मान से मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इसका असर मेडिकल कालेज में भी दिख रहा है। यहां आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।

सोमवार को कोरोना से कुल मौत का आंकड़ा 101 हो गया। इसमें पांच दिनों में हुई नौ मौत शामिल है। 95 नए मरीज मिले। 1583 सैंपलों की रिपोर्ट आना बाकी है। 95 नए मरीज मिलने के बाद कुल मरीजों की संख्या 5937 हो गई। जबकि 87 मरीज स्वस्थ होने के बाद अभी तक कुल 5148 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। एक्टिव मरीजों की संख्या 688 है। मेडिकल कालेज में 450 बेड का अस्पताल कोरोना मरीजों के लिए संचालित किया जा रहा है। अभी कालेज में 350 मरीज हैं।

## औसतन 84 प्रतिदिन के मान से बढ़ रहे मरीज



- कोरोना संक्रमण रोकने के लिए मास्क पहनकर दो गज की दूरी का अनिवार्य रूप से पालन करें। सावधानी ही बचाव का स्थायी माध्यम है। – डा. दिनेश राठौर, जनरल फिजिशियन, आलोट



- स्वास्थ विभाग द्वारा 45 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन टीके लगाए जा रहे हैं। इसमें और अधिक सहभागिता की आवश्यकता है। बचाव के लिए दो गज की दूरी और मुंह पर मास्क लगाना जरूरी है। – डा. रोहित चौधरी, मेडिकल आफिसर आलोट



- वर्तमान समय में कोरोना संक्रमण से हर कोई भयभीत है, लेकिन इसके बावजूद भी इससे बचने में लापरवाही बरती जा रही है। इसके कारण प्रतिदिन कोरोना पाजिटिव की संख्या बढ़ रही है। लक्षण दिखने पर तुरंत जांच करवाना चाहिए। – डा. अंकुल चौपड़ा, दंत चिकित्सक, आलोट



- यह सभी समझ लें कि मास्क लगाने से ही हम इस बीमारी से बचे रहेंगे। अपने बच्चों, परिवार व पड़ोसियों के लिए मास्क जरूर लगाएं। यही कोरोना से बचाव का अच्छा साधन है। –गोपाल पाटीदार, सेवानिवृत्त शिक्षक, शेरपुर



- मास्क लगाने का हमेशा ध्यान रखता हूं और लोगों को भी मास्क लगाने की सलाह देता हूं। बाजार में कई लोग मास्क नाक व मुंह के नीचे रखते हैं। ऐसे लोग अपनी जिंदगी को खतरे में डाल रहे हैं। –बंशीलाल पाटीदार, किराना व्यापारी, आम्बा



- वर्तमान में कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है। दूसरे दौर में संक्रमण तेजी से फैल रहा है। सभी लोगों को मास्क पहनकर शारीरिक दूरी के नियम का पालन करना चाहिए। –सीमा भंसाली, गृहिणी

**जरूरी दवाओं की कमी :** कोरोना उपचार के लिए रेमडेसिविर सहित अन्य जरूरी दवाओं की कमी भी बाजार में है। हालांकि शहर के समाजसेवियों द्वारा रेमडेसिविर इंजेक्शन जरूरतमंदों के निशुल्क दिए जाने की व्यवस्था की है। इसके बावजूद दवा दुकानों पर इसकी कमी रही। निजी अस्पतालों को कोरोना संदिग्ध मरीजों के उपचार को लेकर दी गई छूट के बाद मेडिकल कालेज में कुछ दबाव कम होने की संभावना है।

**बाजार में मास्क पहने दिखे लोग :** प्रशासन की सख्ती और संक्रमण बढ़ने का असर अब आमजन पर भी दिखने लगा है। सोमवार को बाजार में अधिकांश लोग मास्क पहने हुए नजर आए, लेकिन शारीरिक दूरी का पालन नहीं किया गया।


**होटल सील की, जमात खाने में जुर्माना :** इधर, होटलों में बैठाकर खाना खिलाने पर प्रतिबंध होने के बावजूद भी सोमवार को स्टेशन रोड क्षेत्र में नेशनल होटल के संचालक द्वारा ग्राहकों को अंदर बैठाकर खाना खिलाया जा रहा था। नायब तहसीलदार नवीन गर्ग व अमले ने पहुंचकर दुकान को 24 घंटे के लिए सील कर दिया। इसी प्रकार पंचान सब्जीफरोश जमात खाना में चल रहे विवाह कार्यक्रम के लिए अनुमति प्राप्त नहीं की गई और तय संख्या से अधिक भीड़ होने पर चालानी कार्रवाई कर दो हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

**संक्रमित व्यक्ति घूमता मिला तो होगी कार्रवाई :** कोई भी पाजिटिव व्यक्ति जो होम आइसोलेशन में है यदि वह बाहर कहीं घूमता पाया गया तो उस व्यक्ति के साथ उसके परिवार के अन्य सदस्यों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने निर्देश देते हुए कहा कि यदि कहीं कंटेनमेंट क्षेत्र बनाया गया है और उस कंटेनमेंट क्षेत्र के अंदर का व्यक्ति बाहर पाया जाता है तो उस पर दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।



सख्ती के बाद अब बाजार में ज्यादातर लोग मास्क पहने नजर आ रहे हैं। • नईदुनिया

### एक नजर अप्रैल के पांच दिनों पर



| तारीख | संक्रमित की संख्या |
|---|---|
| 01 | 85 |
| 02 | 79 |
| 03 | 77 |
| 04 | 85 |
| 05 | 95 |

नवाचार के बाद अब सर्वे टीम का इंतजार

# सुबह 5 बजे से रात 2 बजे तक हो रही सफाई

शहर स्वच्छ तो हम स्वस्थ



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के लिए देशभर में नंबर एक पर आने के लिए कई नवाचार किए हैं। सुबह 5 बजे से लेकर रात 2 बजे तक शहर में सफाई कार्य अलग-अलग चरण में चल रहा है। अब नगर निगम को सर्वे के लिए दल का इंतजार है। दल के आने के पूर्व ही शहर के विभिन्न चौराहों को दमकल की मदद से पानी डालकर साफ किया जा रहा है।

नगर निगम ने इस बार शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर एक पर आने के लिए कमर कसी हुई है। इसमे जहां वार्डों में स्वयं आयुक्त सोमनाथ झारिया नियमित रूप से निरीक्षण कर रहे है वहीं दूसरी तरफ प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह 50 माईक्रॉन से कम की गुणवत्ता वाली प्लास्टिक के खिलाफ अभियान को गति दिए हुए हैं। इतना ही नहीं, शहर में प्रतिदिन अलग-अलग चौराहों पर रांगोली बनाकर जहां चौराहों को सुंदर बनाया जा रहा है तो दूसरी तरफ पेयजल पाइप लाइन के लीकेज होने से होने वाली गंदगी को रोकने के लिए अभियान चलाकर सूचना मिलते ही पाइप लाइन के लीकेज को सुधार करके रोका जा रहा है।

## टीम का इंतजार

नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार अब सर्वे टीम का इंतजार है। सर्वे टीम के सदस्य शहर के विभिन्न कॉलोनियों के अलावा चौराहों पर भी जाएंगी। इसलिए ही नगर निगम का पूरा ध्यान चौराहों पर लगी हुई प्रतिमाओं को सुंदर करने में लगा हुआ है। इतना ही नहीं जो नालियां गंदगी से भरी हुई है उनको भी साफ करवाया जा रहा है। इसी माह के शुरू होने के पहले ही नगर निगम ने शहर के बड़े नालों को साफ किया है। निगम के अधिकारियों के अनुसार इसी माह फिर से नालों की सफाई का अभियान चलेगा।

## सभी का सहयोग जरूरी

स्वच्छता अभियान अंतर्गत अभी भी शहर के प्रत्येक नागरिक का सहयोग नहीं मिल रहा है। नंबर एक पर आना है तो हर रहवासी का सहयोग जरूरी है। कई तरह के नवाचार व अभियान के साथ अब गीला व सूखा कचरा अलग-अलग डालने के लिए ध्यान रखना जरूरी है। **- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

जलसंकट से निपटने के लिए कलेक्टर ने जिम्मेदारों को सौंपी कमान

# कलेक्टर बोले- ग्रीष्मकाल की दस्तक, पता करें कितना कम हुआ जलस्तर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. ग्रीष्मकाल की शुरुआत के साथ ही जिले में जल संकट ने दस्तक देना शुरू कर दी है। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने सोमवार को समीक्षा बैठक में जिम्मेदारों को तैयारी करने के निर्देश जारी किए हैं। जल स्तर कितना कम हुआ है, उस अनुसार कार्य योजना बनाएं। पेयजल परिवहन के लिए अभी से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जल के वैकल्पिक स्रोत एवं अतिरिक्त व्यवस्था के लिए तैयार रहें।

बैठक में कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन उपार्जन केंद्रों पर होने वाली खरीदी की जानकारी देना सुनिश्चित करें। खाद्यान्न भंडारण की भी पर्याप्त व्यवस्था करें। उन्होंने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था और अन्नोत्सव के तहत वितरित राशन की मानिटरिंग करने के भी निर्देश दिए।

## निगरानी रखें

महिला बाल विकास विभाग अधिकारी को उन्होंने निर्देश दिए कि कुपोषण के लिए जिले में किए जा रहे हैं कार्यों को मॉनिटर करें। उन्होंने सैलाना एसडीएम को निर्देशित किया कि वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अमान्य दावों के पुनरीक्षण की कार्यवाही को त्वरित गति से किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र दिया जाना सुनिश्चित करें।

## यह रहे मौजूद

नगर निगम, पंजीयन विभाग, उद्योग विभाग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा एवं अन्य विभागों से संबंधित बिंदुओं पर भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मीनाक्षी सिंह, एडीएम जमुना भिड़े, एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गहलोत, आदि अधिकारी उपस्थित थे।

संकलन-नगर निगम, रतलाम अखबार-पत्रिका---पृष्ठ 16....दिनांक 06/04/...2021

लॉकडाउन के बाद सोमवार को बाजार में उमड़ी भीड़, लगा जाम

# जवाहर स्कूल में फैला कोरोना संक्रमण, स्टाफ हुआ संक्रमित, महकमे में हड़कंप

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में कोरोना की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। लगातार मरीजों के साथ ही मौत के आंकड़ों में भी इजाफा हो रहा है। हालात इस कदर बेकाबू हो गए हैं कि हर दिन करीब 80 कोरोना संक्रमित सामने आ रहे हैं। कोरोना की चपेट में शहर के एक शासकीय विद्यालय का स्टाफ भी आ गया है जिसकी सूचना से शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

वहीं दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज से सोमवार रात आई जांच रिपोर्ट में 90 से अधिक पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं जबकि 2 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही रतलाम जिले में कोरोना से मौत का आंकड़ा 100 के पार पहुंचकर 101 हो गया है। वहीं मरीजों की संख्या 5932 के करीब पहुंच गई है। मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में 1200 से अधिक संदिग्ध मरीजों की जांच रिपोर्ट आना शेष है। यदि इसी तरह से हर दिन मरीज बढ़ते गए तो मेडिकल कॉलेज के साथ ही निजी अस्पताल में भी बेड कम पड़ जाएंगे।



## अनलॉक में उमड़ी भीड़

सोमवार की सुबह जब शहर अनलॉक हुआ तो लोगों ने राहत की सांस ली और घरों से बाहर निकल आए। बीते तीन दिनों से घरों में कैद लोगों को जब सोमवार को बाहर निकलने का मौका मिला तो कुछ लोग दुकानों पर जरूरत का सामान खरीदने पहुंच गए जिसके चलते बाजार में बड़ी संख्या में भीड़ नजर आने लगी और हर तरफ जाम का नजारा दिख रहा था। वहीं प्रशासन ने स्टेशन रोड थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में लोगों को बिठाकर भोजन कराने के मामले में होटल संचालक पर कार्रवाई कर होटल सील कर दी है।

## 3865 को लगे वैक्सीन

जिले के निर्धारित 21 वैक्सीनेशन सेंटर्स पर सोमवार को 3865 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। जिले में अब तक कुल 71765 का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। सोमवार को किए गए वैक्सीनेशन अनुसार जैन काश्यप सभागृह रतलाम पर 491, सीएससी पिपलोदा पर 300, पुराना कलेक्ट्रेट रतलाम 384, बिरमावल 107, बांगरोद 105, रेलवे हॉस्पिटल भाग 2 पर 256, बिलपांक केंद्र पर 80, सामुदायिक भवन जवाहर नगर रतलाम 250, रतलाम जिला चिकित्सालय 405, गुरुनानक भवन रतलाम 162, सिविल हास्पिटल जावरा 269, सामुदायिक भवन अलकापुरी 212, आयुष हॉस्पिटल 244, सैलाना 119, नामली 110, सिविल हॉस्पिटल आलोट 165, निजी अस्पताल 31, निजी अस्पताल 71, रावटी 20, निजी अस्पताल 29 तथा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पर 55 का वैक्सीनेशन किया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार- इन्दौर समाचार पृष्ठ 02 दिनांक 05/04/2021

# नागरिकों के सहयोग से स्वच्छता में रतलाम नगर बनेगा नम्बर 1

## नगर के सभी 49 जीरो वेस्ट वार्डों में घर-घर से किया जा रहा है कचरा एकत्रीकरण

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर के सभी 49 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है जिसके तहत स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी किया जा रहा है इस कार्य में रतलाम नगर के नागरिक भी जागरूक हो चुके है नागरिकों के सहयोग से ही रतलाम नगर स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नम्बर 1 बनेगा।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के सभी 49 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने से वार्डों की सड़कों, गलियों एवं नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है नागरिक भी प्रातः अपने घरो, दुकानों से निकलने वाले कचरे का स्वंय गीले एवं सूख्खे कचरे पृथक्कीकरण कर कचरा संग्रहण वाहन में डाला जा रहा है इस कार्य में रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा भी पुरा सहयोग किया जा रहा है। निगम कचरा संग्रहण वाहन के सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली किया जाकर रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टूटे खिलौने, प्लास्टिक आदि को पृथक कर कबाड़ी को बेचा जा रहा है जिसका कबाड़ी द्वारा रजिस्टर भी संधारित किया जा रहा है।

वार्डों में कचरा संग्रहण वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरो पर जाकर नागरिकों से गीला एव सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला। संग्रहित किये गये सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली कर समूह की महिलाओं द्वारा कचरे की छंटनी कर एकत्रित किया गया। नागरिकों से अपील जाती है कि वे अपने घरो एवं दुकानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक कचरा पात्रों में एकत्रित कर अपने घर के बाहर रख दें निगम द्वारा उसे कचरा संग्रहण वाहन में पृथक-पृथक डाला जायेगा।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि स्व सहायता समूहों की रैग पिकर्स महिलाऐं अपना एवं अपने परिवार का जीवन यापन करने के लिये अपने बच्चों के साथ जुलवानिया टेंचिंग ग्राउण्ड पर सूखे कचरे से प्लास्टिक, रबर, बॉटल व अन्य सामग्री अलग-अलग करके कबाड़ी को विक्रय कर नारकीय जीवन व्यतीत कर रही थी। जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के तहत अब जुलवानिया की रैग पिकर्स महिलाओं को वार्डों में ही काम मिलने लगा है व इनकी सुरक्षा के लिये निगम द्वारा एप्रीन, ग्लवस, मास्क आदि उपलब्ध कराये गये है। इन्हे वार्ड में ही कार्य मिलने से इनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

गंदगी का मुख्य कारण है पॉलीथीन इसलिये 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन को पूर्णतः बंद किया जाना है इस हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने सभी वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, स्पॉट फाईन दल यह निगरानी रखें कि इसका भण्डारण कहां होता है व विक्रय कौन कौन करता है सही जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित की पॉलीथीन जब्त की जाकर फुटकर व्यवसायियों पर 50 व दुकानदारों पर 5000 का स्पॉट फाईन किया जाये। इन्दौर-5

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– नईदुनिया –पृष्ठ 04 दिनांक 06/04/2021

पेयजल परिवहन : कलेक्टर ने समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# जल स्तर को ध्यान में रख बनाएं योजना

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मई, जून माह में नागरिकों को पेयजल की दिक्कत नहीं होना चाहिए। जिले का जल स्तर कितना कम हुआ है उस अनुसार कार्ययोजना बनाएं। पेयजल परिवहन के लिए अभी से कार्रवाई कर जल के वैकल्पिक स्रोत व अतिरिक्त व्यवस्था के लिए तैयार रहें। यह निर्देश सोमवार को समय सीमा-पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर खाद्य विभाग के अधिकारियों को कहा कि प्रतिदिन उपार्जन केंद्रों पर होने वाली खरीदी की जानकारी व खाद्यान्न भंडारण की भी पर्याप्त व्यवस्था करें। उन्होंने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था और अन्नोत्सव के तहत वितरित राशन की मानीटरिंग करने के भी निर्देश दिए। महिला बाल विकास विभाग अधिकारी को उन्होंने निर्देश दिए कि कुपोषण दूर करने के लिए आंगनबाड़ियों की व्यवस्थाओं पर निगरानी रखें और सेहत की बगिया और पोषण वाटिका के माध्यम से जो प्रयास किए जा रहे हैं इसे और अधिक बढ़ाएं। उन्होंने सैलाना एसडीएम को निर्देशित वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अमान्य दावों के पुनरीक्षण की कार्यवाही को त्वरित गति से करने तथा पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र देने के निर्देश दिए। नगर निगम, पंजीयन विभाग, उद्योग विभाग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा एवं अन्य विभागों से संबंधित बिंदुओं पर भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मीनाक्षीसिंह, एडीएम जमुना भिड़े, एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत, रतलाम ग्रामीण एमएल आर्य उपस्थित थे।

शामगढ़। गरोठ रोड स्थित आश्रम के सामने अतिक्रमण का शिवसेना ने विरोध किया। कार्यकर्ता नारेबाजी करते नगर परिषद पहुंचे। दो दिन में अतिक्रमण नहीं हटा तो शिवसेना अतिक्रमण हटाएगी।

एडीएम ने सिविल सर्जन, निगम आयुक्त के साथ किया निरीक्षण

# अस्पताल में ड्रेस कोड में रहें सफाई व सुरक्षा कर्मचारी

रतलाम। जिला अस्पताल में गंदगी की समस्या को लेकर नए सिरे से व्यवस्था कर नगर निगम का भी साथ लिया जाएगा। सोमवार को एडीएम जमुना भिड़े ने निगम आयुक्त सोमनाथ व सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर के साथ अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के निर्देश ठेकेदार व कर्मचारियों को दिए।

मालूम हो कि अस्पताल में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। ट्रामा सेंटर परिसर में तो कचरा जमा रहता है। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने परिसर व वार्डों की नियमित साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि वे सफाई व्यवस्था बेहतर रखे मरीजों व उनसे मिलने वाले आने वाले स्वजन, रिश्तेदारों को भी स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करें।

### खुली नालियां, कचरे में शराब की बोतलें

रोटरी वार्ड के सामने जैन वार्ड के निरीक्षण में परिसर के पेवर ब्लाक क्षतिग्रस्त व नालियां खुली मिली। एडीएम ने निगम के इंजीनियर व जिला अस्पताल की इंजीनियर कामिनी मालवीय को मरम्मत के लिए एस्टीमेट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में असामाजिक तत्व व श्वानों का प्रवेश रोकने के लिए सुरक्षा गार्ड रखने और सुरक्षा व सफाई कर्मचारियों को ड्रेस कोड में रहने के लिए निर्देशित किया गया।




जिला अस्पताल में निरीक्षण कर निर्देश देते हुए निगमायुक्त सोमनाथ झारिया। • नईदुनिया

निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर स्थित रेडक्रास मेडिकल स्टोर संचालक को कोरोना से बचाव के लिए दुकान पर पीवीसी शील्ड अनिवार्य रूप से लगाने के लिए कहा गया। इस दौरान डा. योगेश मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री राजेश पाटीदार, विकास मरकाम, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े आदि उपस्थित थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–राज एक्सप्रेस पृष्ठ 10 दिनांक 06/04/2021

**बैठक आयोजित** कलेक्टर ने समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, जल के वैकल्पिक स्त्रोत एवं अतिरिक्त व्यवस्था के लिए तैयार रहें

# ग्रीष्मकाल में पानी की उपलब्धता का आंकलन कर योजना बनाएं



**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि जिले में पानी की उपलब्धता का आकलन करें तथा मई, जून माह में नागरिकों को पेयजल की दिक्कत न हो यह सुनिश्चित करें। जिले का जल स्तर कितना कम हुआ है उस अनुसार कार्य योजना बनाएं। पेयजल परिवहन के लिए अभी से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जल के वैकल्पिक स्त्रोत एवं अतिरिक्त व्यवस्था के लिए तैयार रहें।

उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों को इस बाबत समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती मीनाक्षीसिंह, एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गहलोत, रतलाम ग्रामीण एम एल आर्य सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन उपार्जन केंद्रों पर होने वाली खरीदी की जानकारी देना सुनिश्चित करें। खाद्यान्न भंडारण की भी पर्याप्त व्यवस्था करें। उन्होंने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था और अन्नोत्सव के तहत वितरित राशन की मानिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कितने लोगों को राशन सामग्री प्रदान की जा रही है यह व्यवस्था सुनिश्चित करें। महिला बाल विकास विभाग अधिकारी को उन्होंने निर्देश दिए कि कुपोषण के लिए जिले में किए जा रहे है कार्यों को मानिटर करें। आंगनवाड़ियों में जो व्यवस्थाएं की जा रही है उस पर निगरानी रखें और सेहत की बगिया और पोषण वाटिका के माध्यम से जो प्रयास किए जा रहे है इसे और अधिक बढ़ाएं।

उन्होंने सैलाना एसडीएम को निर्देशित किया कि वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अमान्य दावों के पुनरीक्षण की कार्यवाही को त्वरित गति से किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र दिया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में नगर निगम, पंजीयन विभाग, उद्योग विभाग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा एवं अन्य विभागों से संबंधित बिंदुओं पर भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

215

संकलन:–नगर निगम, रतलाम अखबार–भास्कर––पृष्ठ 17 दिनांक 06/04/2021

**अब वैक्सीन उत्सव** • कलेक्टर ने ली बैठक, कहा - अब वैक्सीनेशन ही खुशियों का अवसर देगा, समाज के लोगों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ें

# समाज और संस्थाओं से बोले कलेक्टर- आम लोगों की भ्रांतियों को दूर करें, व्यापारियों को 20 अप्रैल तक 100 प्रतिशत टीकाकरण करवाना होगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

वैक्सीन के अभियान को वैक्सीन उत्सव बना दें... वैक्सीनेशन ही हमें खुशियां देगा। 45 साल से ज्यादा आयु के लोगों का 100% वैक्सीनेशन हो। यह अपील सोमवार को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने समाज व संस्थाओं से की है। कलेक्टर ने सभी लोगों को वैक्सीनेशन से जोड़ने और 20 अप्रैल तक 100% व्यापारियों को वैक्सीनेशन से जोड़ने का फैसला लिया है।

कलेक्टर ने कहा कोरोना को देखते हुए रतलाम में 100% वैक्सीनेशन होना बहुत जरूरी है। आप सभी को आगे आना होगा।

## चिन्हित स्थानों पर कैंप भी लगाएंगे

कलेक्टर ने कहा सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी यदि अपने समाज को जागरूक करें तो उनके लिए चिन्हित स्थानों पर वैक्सीनेशन के कैंप भी लगवाए जा सकते है। वैक्सीनेशन को लेकर यदि आम नागरिकों में किसी तरह की भ्रांतियां हैं तो उन्हें बताएं, उन्हें जागरूक करें। हमारी आवश्यकता हो तो हम भी उन भ्रांतियों को दूर करने के लिए तत्पर हैं।

**बीएलओ से ले सकते हैं जानकारी :** कलेक्टर ने कहा 45 साल से ज्यादा आयु के आपके क्षेत्र के या समाज के लोगों की जानकारी आप लेना चाहें तो संबंधित क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर से सहायता ले सकते हैं। बीएलओ के पास सभी मतदाताओं की आयु वार जानकारी होती है। जिन लोगों के पास वैक्सीनेशन की अपील के साथ पहुंच रहे हैं, उन्होंने वैक्सीनेशन कराया है या नहीं, यह भी जानकारी लें।

## बैठक में ये हुए महत्वपूर्ण फैसले

- यदि आप अपने समाज के या क्षेत्र के लोगों के लिए किसी विशेष दिन कैंप लगवाना चाहते हैं, तो शहर एसडीएम से संपर्क पर कैंप करवा सकते हैं।
- शहर में सभी व्यापारिक एवं व्यवसायिक गतिविधियों में संलग्न प्रतिष्ठान, औद्योगिक संस्थान में 20 अप्रैल तक पूर्ण टीकाकरण करें।
- संस्थान के सभी सदस्य उनके परिवार के सदस्य जो 45 वर्षों वर्ष से अधिक उम्र के हैं उन का अनिवार्य टीकाकरण आवश्यक है।
- यदि 20 अप्रैल तक संस्थान द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जा सकेगी।
- जो संस्थान अपने कर्मचारियों, परिजनों एवं संबंधितों का शत-प्रतिशत टीकाकरण करवा लें, वे अपने संस्थान के बाहर 'पूर्ण टीकाकरण संस्थान' का संदेश देता बोर्ड भी लगा सकते हैं।

## समाजसेवियों ने ये दिए सुझाव

- रोटरी क्लब सचिव दीप्ति कोठारी ने रोटरी सदस्यों एवं आसपास के निवासियों के लिए रोटरी क्लब सभाकक्ष में वैक्सीनेशन कैंप लगवाने का आग्रह किया।
- पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने माहेश्वरी भवन में समाज के सभी लोगों के लिए वैक्सीनेशन कैंप लगाने का सुझाव दिया।
- पूर्व रेडक्रॉस चेयरमैन महेंद्र गादिया ने मोहन टॉकीज क्षेत्र में जैन समाज से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों एवं परिजन के टीकाकरण के लिए कैंप का कहा।
- मांगीलाल जैन ने लोकेंद्र भवन में विशेष कैंप लगाने का कहा।
- खुर्शीद अनवर व सलीम आरिफ ने रमजान में मुस्लिम एवं बोहरा बहुल क्षेत्रों में रात में वैक्सीनेशन कैंप की व्यवस्था करने का कहा।

**गुरुनानक हॉल में 166 ने लगवाई वैक्सीन:** सिंधी कॉलोनी स्थित श्री गुरुनानक भवन में भी सोमवार से वैक्सीन लगना प्रारंभ हो गई। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक 166 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। समाजसेवी विनोद करमचंदानी, आनंद कुम्भानी, मुकेश नैनानी सहित अन्य मौजूद रहे।

# सोमवार को 3865 लोगों को लगे टीके

रतलाम। सोमवार को जिले के निर्धारित 21 सेंटरों पर 3865 लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाई गई। जिले में अब तक 71765 लोगों को टीके लग चुके हैं।

सोमवार को जैन काश्यप सभागृह रतलाम पर 491, सीएससी पिपलौदा पर 300, पुराना कलेक्ट्रेट रतलाम 384, बिरमावल 107, बांगरोद 105, रेलवे हास्पिटल भाग 2 पर 256, बिलपांक केंद्र पर 80, सामुदायिक भवन जवाहर नगर रतलाम 250, रतलाम जिला अस्पताल 405, गुरुनानक भवन 162, सिविल हास्पिटल जावरा 269, सामुदायिक भवन अलकापुरी 212, आयुष हास्पिटल 244, सैलाना 119, नामली 110, सिविल हास्पिटल आलोट 165, जीडी हास्पिटल 31, आरोग्यम अस्पताल 71, रावटी 20, श्रद्धा हास्पिटल 29 तथा मेडिकल कालेज पर 55 लोगों को टीके लगाए गए।



ईश्वरनगर क्षेत्र में मास्क वितरित करते हुए अजाक्स जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी।

आज यहां होगा टीकाकरण

मंगलवार को सिविल हास्पिटल आलोट, जावरा सीएचसी पिपलौदा, सैलाना, धराड़, पुराना कलेक्टोरेट, बाल चिकित्सालय, घटला कालोनी, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, जवाहर नगर कम्युनिटी हाल, मेडिकल कालेज, आयुष हास्पिटल त्रिपोलिया गेट, जैन काश्यप सभागृह सागोद रोड, गुरुनानक भवन मोहन नगर, सीवीसी प्राइवेट श्रद्धा हास्पिटल काटजू नगर, आरोग्यम हास्पिटल कालेज रोड, जीडी हास्पिटल 80 फीट रोड रतलाम पर टीकाकरण किया जाएगा।



रतलाम में कोरोना का टीका लगवाते हुए सलीम आरिफ बादशाह। • नईदुनिया



रतलाम में कोरोना का टीका लगवाते हुए समाजसेवी महेंद्र गादिया। • नईदुनिया

**पुनः चलाना होगा टीका-टोकी अभियान :** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के वरिष्ठ मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष शरद जोशी ने कहा कि पत्रकारों को कोरोना संक्रमण के फैलाव पर नियंत्रण के लिए एक बार फिर टीका-टोकी अभियान चलाने की जरूरत है। कोरोना महामारी का प्रकोप पुनः निरंतर बढ़ रहा है। लोग कम ज्यादा आंकड़ों के आधार पर इसके प्रभाव का आकलन कर महामारी को नजर अंदाज कर रहे हैं। जबकि सच यह है कि कोरोना संक्रमण के खतरे कम नहीं हुए हैं।

## गरीब बस्तियों में मास्क वितरित

रतलाम। मप्र अजाक्स जिला शाखा द्वारा भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर के जन्मोत्सव को पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत अजाक्स द्वारा सोमवार को ईश्वर नगर के पास झुग्गी झोपड़ियों में मास्क का निशुल्क वितरण किया गया। जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी, जिला सचिव कैलाश गणावा, सलाहकार लाखनसिंह टैगोर, राजेंद्र मरमट, मदन चौहान, रजनीश श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। पखवाड़े के तहत छह अप्रैल को जिला अस्पताल में सुबह 11:30 बिस्किट एवं फल वितरित किए जाएंगे।

## संक्रमित के घुमते पाए जाने पर कार्रवाई होगी

5/5/20

रतलाम। कलेक्टर गोपालचंद डाड ने निर्देश दिए हैं कि कोई भी पॉजिटिव व्यक्ति जो होम आइसोलेशन में है यदि वह आइसोलेशन से बाहर कहीं घूमता पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उस व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई के साथ उसके परिवार के अन्य सदस्यों के विरुद्ध भी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कहीं कंटेनमेंट क्षेत्र बनाया गया है और उस कंटेनमेंट क्षेत्र के अंदर का व्यक्ति बाहर पाया जाता है तो उस पर दो हजार का जुर्माना लगाया जाएगा तथा कार्रवाई भी की जाएगी।

## नगर में स्वच्छता की उड़ रही धज्जियां, आवारा श्वान और मच्छरों से आमजन परेशान



प्रसारण न्यूज़ • आलोट

नगर क्षेत्र में विगत कई समय से स्वच्छता की धज्जियां उड़ रही है लेकिन जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसके चलते गंदगी दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है।

नगर के हर गली मोहल्ले और चौक चौराहे पर नालियां जाम पड़ी हुई है गंदगी के ढेर लगे हुए हैं जिन पर आवारा पशु विचरण करते हुए आसानी से दिखाई दे जाते हैं बढ़ती गंदगी और नालियों के जाम होने से मच्छरों की पैदाइश बढ़ गई है और लोग मच्छरों से परेशान हैं परंतु परिषद में बैठे जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

ना तो नगर में सही से सफाई भी नहीं हो रही है और ना ही नगर में डीडीटी का छीड़काव किया जा रहा है जिसके चलते मच्छरों का आतंक छाया हुआ है शाम होते ही झुंड मच्छर घूमते हुए दिखाई देते जाते हैं जिससे लोग परेशान हो गए हैं वही नगर में साफ सफाई नहीं होने के कारण लोगों को बदबू से सामना करना पड़ रहा है वहीं नगर में आवारा स्वानों की भरमार हो गई है और वे आम जनों और बच्चों पर भी हमला कर रहे है नगर हर गली मोहल्ले और चौक चौराहे पर झुंड के झुंड स्वान घूमते हुए आसानी से दिखाई दे जाते हैं कई बार शिकायत करने के बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे आम जनता परेशान हो गई है।

5/5/20

# ग्रीष्मकाल में पानी की उपलब्धता का आकलन करें, कार्य योजना बनाएं



रतलाम। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि जिले में पानी की उपलब्धता का आकलन करें तथा मई, जून माह में नागरिकों को पेयजल की दिक्कत न हो यह सुनिश्चित करें। जिले का जल स्तर कितना कम हुआ है उस अनुसार कार्य योजना बनाएं। पेयजल परिवहन के लिए अभी से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जल के वैकल्पिक स्त्रोत एवं अतिरिक्त व्यवस्था के लिए तैयार रहें।

उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों को इस बाबत समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मीनाक्षीसिंह, एडीएम जमुना भिड़े, एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गहलोत, रतलाम ग्रामीण एमएल आर्य सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री डाड ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन उपार्जन केंद्रों पर होने वाली खरीदी की जानकारी देना सुनिश्चित करें। खाद्यान्न भंडारण की भी पर्याप्त व्यवस्था करें। उन्होंने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था और अन्नोत्सव के तहत वितरित राशन की मानिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कितने लोगों को राशन सामग्री प्रदान की जा रही है यह व्यवस्था सुनिश्चित करें।

महिला बाल विकास विभाग अधिकारी को उन्होंने निर्देश दिए कि कुपोषण के लिए जिले में किए जा रहे हैं कार्यों को मॉनिटर करें। आंगनवाड़ियों में जो व्यवस्थाएं की जा रही है उस पर निगरानी रखें और सेहत की बगिया और पोषण वाटिका के माध्यम से जो प्रयास किए जा रहे हैं इसे और अधिक बढ़ाएं। उन्होंने सैलाना एसडीएम को निर्देशित किया कि वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अमान्य दावों के पुनरीक्षण की कार्यवाही को त्वरित गति से किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र दिया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में नगर निगम, पंजीयन विभाग, उद्योग विभाग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा एवं अन्य विभागों से संबंधित बिंदुओं पर भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका–पृष्ठ 01 दिनांक 06/04/2021

जिसको 15 नोटिस दिए, उसको बहाल किया, काम करने वाले काट रहे चक्कर

# नगर निगम में गड़बड़ी का खेल: काम पूरा किया, तीस मिनट बाद आए आयुक्त, कर दिया निलंबन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. नगर निगम में स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 चल रहा है। ऐसे में आयुक्त सोमनाथ झारिया के प्रतिदिन के निरीक्षण के दौरान जो कर्मचारी काम से नदारत मिलता है उसका एक दिन का वेतन काटने की सजा या फिर निलंबन किया जा रहा है। ऐसे में वो कर्मचारी भी निलंबित हो गए जो 8 घंटे तक अपना कार्य पूरा करके अपने घर गए व आयुक्त बाद में निरीक्षण करने आए। इतना मात्र होता तो भी ठीक रहता, हाल ही में एक ऐसे कर्मचारी को वार्ड बदलकर बहाल कर दिया गया जिसको 15 नोटिस दिए गए।

## इनको मिले 15 नोटिस

नगर निगम में कार्यरत विमला पति बाबुलाल निंधाने सफाई स्थायी संरक्षक को हर बार निरीक्षण के दौरान काम से नदारत रहने पर नोटिस दिया। वर्ष 2020 में 6 अगस्त, 8 अगस्त, 13 अगस्त, 17 अगस्त, 19 अगस्त, 20 अगस्त, 21 अगस्त, 22 अगस्त, 23 अगस्त, 24 अगस्त, 25 अगस्त व 26 अगस्त को काम से आधे दिन नदारत रहने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए। इसके अलावा विमला को ही 11 अगस्त, 13 अगस्त को पूरे दिन काम से नदारत रहने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए। इसके बाद 19 मार्च को बीते माह निलंबित कर दिया गया। निलंबन की अवधि लंबी हुई भी नहीं थी कि वार्ड नंबर एक से हटाकर अब दो नंबर वार्ड में पदस्थ कर दिया गया है।

## इन्होंने किया काम पूरा

इधर दूसरी तरफ आयुक्त झारिया जब मार्च माह में महू रोड स्थित बस स्टैंड पर निरीक्षण करने गए तो तीन कर्मचारी क्रमशः लोकेश पिता प्रहलाद, सतीश पिता चंदू व शिव पिता अर्जुन काम से नदारत मिलने के आरोप में निलंबित कर दिए गए। बड़ी बात यह की शिव व लोकेश की ड्यूटी सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक की थी व आयुक्त झारिया दोपहर 2 बजकर 40 मिनट के बाद निरीक्षण के बाद आए। ऐसे में अब इन कर्मचारियों को फिर से बहाल करने की मांग को लेकर निगम प्रशासक से लेकर आयुक्त तक को ज्ञापन दिए गए, लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हो रही है।

### हम लड़ाई लड़ेंगे

कर्मचारियों को काम पर नहीं मिलने के नाम पर निलंबन या बर्खास्त करके प्रताड़ित किया जा रहा है। ज्ञापन देने के बाद भी सुनवाई नहीं कर रहे है। जल्द आंदोलन किया जाएगा। - **राम कल्याणे**, अध्यक्ष नगर निगम संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति

### समीक्षा की जाएगी

हर कर्मचारी को नदारत मिलने पर ही दंड दिया जा रहा है। इसके बाद भी अगर किसी के साथ कुछ गलत हुा है तो समीक्षा की जाएगी। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

## संक्रमित घूमते पाए गए तो होगी कार्रवाई

रतलाम. कोई भी पॉजिटिव व्यक्ति जो होम आइसोलेशन में है, यदि वह आइसोलेशन से बाहर कहीं घूमता पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उस व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई के साथ उसके परिवार के अन्य सदस्यों के विरुद्ध भी कार्यवाही की जाएगी। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने दिए उन्होंने कहा कि यदि कहीं कंटेनमेंट क्षेत्र बनाया गया है और उस कंटेनमेंट क्षेत्र के अंदर का व्यक्ति बाहर पाया जाता है तो उस पर दो हजार का जुर्माना लगाया जाएगा तथा कार्रवाई भी की जाएगी।

## सेवा : मछलियों के मरने की सूचना पर समाजसेवियों ने तालाब में डाला चूना



**रतलाम** | श्री कालिका माता मंदिर क्षेत्र स्थित झाली तालाब में मछलियां मरने की सूचना मिलने पर समाजसेवियों ने पहुंचकर 25 किलो चूना डाला। नमो ग्रुप फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने बताया कि तालाब में मछलियां मरी हुई पाए जाने की सूचना मिली थी। ऑक्सीजन की कमी के कारण मछलियों की मरने की जानकारी होने पर सोमवार को 25 किलो चूना तालाब में डाला गया। नगर अध्यक्ष कमलेश जोशी, रवि प्रजापति, मुकेश परमार, महिपाल सिंह देवड़ा, सुनील पाल, नगर उपाध्यक्ष चुन्नीलाल, पीयूष, योगेश मालवीय, राजा, आशीष, लालू, भारती यादव सहित अन्य मौजूद थे।


## एडीएम और आयुक्त ने जांची जिला चिकित्सालय की सफाई व्यवस्था



**रतलाम** | संक्रमण काल में जिला अस्पताल की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए सोमवार को एडीएम जमुना भिड़े और आयुक्त सोमनाथ झारिया ने चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान रेटरी वार्ड के सामने जैन वार्ड के पेवर ब्लॉक क्षतिग्रस्त मिले। नालियां भी ढंकी हुई नहीं हैं। इस पर एडीएम ने निगम आयुक्त और जिला चिकित्सालय इंजीनियर कामिनी मालवीय से रिपेयरिंग वर्क का एस्टीमेट बनाकर देने को कहा। इसके अलावा असामाजिक तत्व और श्वान के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए सिक्योरिटी गार्ड रखने व अन्य इंतजाम करने के निर्देश दिए। सिक्योरिटी व सफाई कर्मचारियों को ड्रेस कोड में काम करने को कहा गया। रेडक्रॉस के मेडिकल स्टोर संचालक ने कोरोना से बचाव का उपाय नहीं कर रखा था। एडीएम ने दुकान पर पीवीसी शील्ड अनिवार्य रूप से लगाने के लिए कहा। डॉ. योगेश निखरा, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री राजेश पाटीदार, विकास मरकाम, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े आदि साथ रहे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– स्वदेश ––––पृष्ठ 20... दिनांक 06/04/...2021

# समाजसेवी संस्थाएं टीकाकरण को लेकर लोगों को जागरूक कर भ्रांतियां दूर करें




## शहर हमारा है, इसे टीकाकरण में नंबर वन बनाएं

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शहर के सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न सक्रिय सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक में कलेक्टर गोपालचंद डाड ने कहा कि टीकाकरण को लेकर यदि आम नागरिकों में किसी तरह की भ्रांतियां हैं तो उन्हें बताएं, उन्हें जागरूक करें। इस कार्य में हमारी आवश्यकता हो तो हम भी उन भ्रांतियों को दूर करने के लिए तत्पर हैं। जब तक 45 वर्ष की आयु से अधिक के सभी व्यक्तियों को टीकाकरण नहीं होगा तब तक हमारा एक ही लक्ष्य होगा, अपना शहर स्वस्थ रखें और शत- प्रतिशत टीकाकरण करवाएं।

उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी यदि अपने समाज के लोगों को जागरूक करें और उन्हें टीकाकरण के लिए प्रेरित करें तो उनके लिए चिन्हित स्थानों पर टीकाकरण कैंप भी लगवाए जा सकते हैं। इससे अन्य समाजों के लोगों में भी जागरूकता बढ़ेगी और वे भी टीकाकरण के लिए प्रेरित होंगे। स्वदेश

### व्यापारिक संस्थान टीकाकरण करवाएं

कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों की सहमति से यह निर्णय लिया कि रतलाम शहर में सभी व्यापारिक एवं व्यवसायिक गतिविधियों में संलग्न प्रतिष्ठान, औद्योगिक संस्थान में 20 अप्रैल तक पूर्ण टीकाकरण अनिवार्य रूप से किया जाए।

### समाजसेवियों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए

बैठक में उपस्थित सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने इस अभियान को एक मिशन की तरह संपादित करने का संकल्प लेते हुए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा विभिन्न क्षेत्रों में टीकाकरण शिविर आयोजित करने के सुझाव दिए।

### इससे पहले लोगों तक टीका पहुंचे

कलेक्टर ने कहा कि यह हमारा अपना अभियान है और इस अभियान को हम एक विशेष अभियान के तौर पर लें। जान है तो जहान है। यदि हम स्वस्थ रहेंगे तो ही सामाजिक रूप से, व्यक्तिगत रूप से उन्नति कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि टीकाकरण कैंप लगाने में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। यदि आप अपने समाज के या क्षेत्र के लोगों के लिए किसी विशेष दिन कैंप लगवाना चाहते हैं तो इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर से संपर्क पर कैंप आयोजित करवा सकते हैं।

अर्फोडेबल हाऊस के लिए जारी किए आदेश

# निम्न आय वर्ग परिवारों को मिलेगा तीन लाख का अनुदान

## विधायक चेतन्य काश्यप ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अर्फोडेबल हाऊसिंग इन पाटनरशीप (एएचपी) घटक के अन्तर्गत निम्न आय वर्ग श्रेणी के सभी पात्र हितग्राहियों को तीन लाख रुपए का अनुदान देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर दिए हैं। विधायक चेतन्य काश्यप ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

काश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को एएचपी घटक के अन्तर्गत अर्फोडेबल हाउस के लिए केन्द्र से डेड़ लाख प्रति आवास की सहायता ही मिल रही थी। राज्य शासन ने सोमवार को प्रसारित आदेश में निम्न आय वर्ग के पात्र हितग्राहियों को केन्द्र के समान राज्य से भी डेढ़ लाख रुपए प्रति आवास की अनुदान राशि देने का निर्णय लिया है। इससे पात्र हितग्राही को तीन लाख रुपए का अनुदान प्रति आवास मिलेगा। शासन के इस निर्णय से सैकड़ों निम्न आय वर्ग परिवार लाभावित होंगे।

**पीएम के सपने को पूरा करने में मिलेगी मदद-** विधायक काश्यप ने बताया कि रतलाम के डोसी गांव में दूसरे चरण के अर्फोडेबल हाउस के निर्माण का कार्य जारी है। इसके तहत करीब 200 आवास बन रहे हैं और करीब एक हजार आवास बनाए जाने हैं। उन्होंने आवासहीन परिवारों की मदद के लिए शासन द्वारा लिए गए निर्णय की प्रशंसा की। काश्यप के अनुसार ऐसे निर्णयों से प्रत्येक परिवार को आवास के प्रधानमंत्री के स्वप्न को पूरा करने में मदद मिलेगी।

# आवासहीन निम्न आय वर्ग के परिवारों को अब मिलेगा तीन लाख का अनुदान

रतलाम। प्रदेश के नगरीय विकास व आवास विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप (एएचपी) घटक के अंतर्गत निम्न आय वर्ग श्रेणी के सभी पात्र हितग्राहियों को तीन लाख रुपये का अनुदान देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर दिए हैं। विधायक चेतन्य काश्यप ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

काश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को एएचपी घटक के अंतर्गत अफोर्डेबल हाउस के लिए केंद्र से डेढ़ लाख प्रति आवास की सहायता ही मिल रही थी। राज्य शासन ने सोमवार को प्रसारित आदेश में निम्न आय वर्ग के पात्र हितग्राहियों को केंद्र के समान राज्य से भी डेढ़ लाख रुपये प्रति आवास की अनुदान राशि देने का निर्णय लिया है। इससे पात्र हितग्राही को तीन लाख रुपये का अनुदान प्रति आवास मिलेगा। शासन के इस निर्णय से सैकड़ों निम्न आय वर्ग के परिवार लाभान्वित होंगे। काश्यप ने बताया कि रतलाम के डोसी गांव में दूसरे चरण के अफोर्डेबल हाउस के निर्माण का कार्य जारी है। इसके तहत करीब 200 आवास बन रहे हैं और करीब एक हजार आवास बनाए जाने हैं। उन्होंने आवासहीन परिवारों की मदद के लिए शासन द्वारा लिए गए निर्णय की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया है। काश्यप के अनुसार ऐसे निर्णयों से प्रत्येक परिवार को आवास के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वप्न को पूरा करने में मदद मिलेगी।

# 3865 को लगी वैक्सीन, अब तक 71 हजार को लगा टीका

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में सोमवार को 3865 लोगों ने वैक्सीन लगवाई है। मंगलवार को 21 स्थानों पर टीका लगाया जाएगा। जिले में अब तक कुल कुल 71,765 लोगों को टीके लग चुके हैं।

सोमवार को काश्यप सभागृह में 491, सीएससी पिपलौदा में 300, पुराने कलेक्टोरेट में 384, बिरमावल में 107, बांगरोद में 105, जवाहर नगर में 250, जिला अस्पताल में 405, गुरुनानक भवन में 162, अलकापुरी में 212 लोगों को वैक्सीन लगी।

## आज जिले में 21 स्थानों पर लगाए जाएंगे टीके

- काश्यप सभागृह
- सीएचसी पिपलौदा
- ओल्ड कलेक्टोरेट
- पीएचसी बिरमावल
- पीएचसी बांगरोद
- रेलवे हॉस्पिटल साइट-2
- पीएचसी बिलपांक
- कम्युनिटी हॉल जवाहर नगर
- बाल चिकित्सालय
- गुरुनानक भवन
- सिविल अस्पताल जावरा
- कम्युनिटी हॉल, अलकापुरी
- सीएचसी सैलाना
- सीएचसी नामली
- सिविल अस्पताल आलोट
- पीएचसी रावटी
- मेडिकल कॉलेज

# आज मुख्यमंत्री सामाजिक संस्थाओं से करेंगे संवाद

रतलाम | कोरोना की रोकथाम में समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 6 अप्रैल को मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सामाजिक संस्थाओं से बात करेंगे। कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में यह संवाद दोपहर 1 से शाम 7 बजे तक चलेगा। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया इसका सीधा प्रसारण नगर निगम सभागृह में भी किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री आज सामाजिक संस्थाओं से करेंगे सीधा संवाद

रतलाम। कोरोना रोकथाम में समाज की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान मंगलवार को जिले की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से एनआइसी की वीडियो कांफ्रेंसिंग के साथ सीधा संवाद दोपहर एक बजे से शाम सात बजे के मध्य करेंगे। इसका सीधा प्रसारण नगर निगम सभागार में एलईडी वाल स्क्रीन के माध्यम से किया जाएगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण–पृष्ठ ..11... दिनांक 06/04/.2021

प्रसारण

### कलेक्टर डाड ने समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# ग्रीष्मकाल में पानी की उपलब्धता का आकलन करें और कार्य योजना बनाएं

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि जिले में पानी की उपलब्धता का आकलन करें तथा मई, जून माह में नागरिकों को पेयजल की दिक्कत न हो, यह सुनिश्चित करें। जिले का जल स्तर कितना कम हुआ है उस अनुसार कार्य योजना बनाएं। पेयजल परिवहन के लिए अभी से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जल के वैकल्पिक स्रोत एवं अतिरिक्त व्यवस्था के लिए तैयार रहें।

उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों को इस बाबत समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती मीनाक्षीसिंह, एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े,



एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गहलोत, रतलाम ग्रामीण एम एल आर्य सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर डाड ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन उपार्जन केंद्रों पर होने वाली खरीदी की जानकारी देना सुनिश्चित करें। खाद्यान्न भंडारण की भी पर्याप्त व्यवस्था करें। उन्होंने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था और अन्नोत्सव के तहत वितरित राशन की मानिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कितने लोगों को राशन सामग्री प्रदान की जा रही है यह व्यवस्था सुनिश्चित करें।

महिला बाल विकास विभाग अधिकारी को उन्होंने निर्देश दिए कि कुपोषण के लिए जिले में किए जा रहे हैं कार्य को मॉनिटर करें। आंगनबाड़ियों में जो व्यवस्थाएं की जा रही है उस पर निगरानी रखें और सेहत की बगिया और पोषण वाटिका के माध्यम से जो प्रयास किए जा रहे हैं इसे और अधिक बढ़ाएं। उन्होंने सैलाना एसडीएम को निर्देशित किया कि वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अमान्य दावों के पुनरीक्षण की कार्यवाही को त्वरित गति से किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र दिया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में नगर निगम, पंजीयन विभाग, उद्योग विभाग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा एवं अन्य विभागों से संबंधित बिंदुओं पर भी समीक्षा [illegible] हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही [illegible]शित किया गया।

## शहर के समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने लिया शहर में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराने का संकल्प

# शहर हमारा है, इसे वैक्सीनेशन में नंबर वन बनाएं

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम



कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड ने रतलाम शहर के सामाजिक संगठनों, समाजसेवियों एवं सामाजिक रूप से सक्रिय पदाधिकारियों से कहा कि कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए रतलाम शहर में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन बहुत आवश्यक है। कोरोना के खात्मे के लिए वैक्सीनेशन जरूरी है और शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए आप सभी को आगे आना होगा, सामाजिक दायित्व को निभाना होगा। इस पुनीत प्रयास में लीडरशिप करना होगी और समाज को जागरूक बनाना होगा। इस अभियान को %वैक्सीन उत्सव, बना दें। वैक्सीनेशन ही हमें प्रसन्नता और खुशियों के अवसर प्रदान करेगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षीसिंह, एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े, अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर श्री अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शहर के सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न सक्रिय सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक में कलेक्टर श्री डाड ने कहा कि वैक्सीनेशन को लेकर यदि आम नागरिकों में किसी तरह की भ्रांतियां है तो उन्हें बताएं, उन्हें जागरूक करें। इस कार्य में हमारी आवश्यकता हो तो हम भी उन भ्रांतियों को दूर करने के लिए तत्पर हैं। जब तक 45 वर्ष की आयु से अधिक के सभी व्यक्तियों को टीकाकरण नहीं होगा तब तक हमारा एक ही लक्ष्य होगा, अपना शहर स्वस्थ रखें और शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन करवाएं। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी यदि अपने समाज के लोगों को जागरूक करें और उन्हें वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें तो उनके लिए चिन्हित स्थानों पर वैक्सीनेशन के कैंप भी लगवाए जा सकते हैं। इससे अन्य समाजों के लोगों में भी जागरूकता बढ़ेगी और वे भी वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित होंगे।

**बीएलओ की सहायता लें :** कलेक्टर श्री डाड ने कहा कि 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के आपके क्षेत्र के या समाज के व्यक्तियों की जानकारी आप लेना चाहें तो संबंधित क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर से सहायता ले सकते हैं। बीएलओ के पास सभी मतदाताओं की आयु वार जानकारी होती है। आप जिन व्यक्तियों के पास वैक्सीनेशन की अपील के साथ पहुंच रहे है, उन्होंने वैक्सीनेशन कराया है अथवा नहीं यह भी जानकारी लें।

**लोग वैक्सीन तक पहुंचे इससे पहले लोगों तक वैक्सीन पहुंचे :** कलेक्टर श्री डाड ने कहा कि यह हमारा अपना अभियान है और इस अभियान को हम एक विशेष अभियान के तौर पर लें। जान है तो जहान है। यदि हम स्वस्थ रहेंगे तो ही सामाजिक रूप से, व्यक्तिगत रूप से उन्नति कर सकते है। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन के कैंप लगाने में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। यदि आप अपने समाज के या क्षेत्र के लोगों के लिए किसी विशेष दिन कैंप लगवाना चाहते हैं तो इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर से संपर्क पर कैंप आयोजित करवा सकते हैं। इससे क्षेत्र में वातावरण भी निर्मित होगा और जो लोग वैक्सीनेशन को लेकर भयभीत है उन्हें भी हौसला मिलेगा। हमें यह प्रयास करना होगा कि लोग वैक्सीन तक आए उससे पहले वैक्सीन उन तक पहुंचे।


**व्यापारिक एवं व्यवसायिक संस्थान 20 अप्रैल तक पूर्ण टीकाकरण करवाएं :** कलेक्टर श्री डाड ने बैठक में उपस्थित व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों की सहमति से यह निर्णय लिया कि रतलाम शहर में सभी व्यापारिक एवं व्यवसायिक गतिविधियों में संलग्न प्रतिष्ठान, औद्योगिक संस्थान में 20 अप्रैल तक पूर्ण टीकाकरण अनिवार्य रूप से किया जाए। संस्थान के सभी सदस्य उनके परिवार के सदस्य जो 45 वर्षों वर्ष से अधिक उम्र के है उन सभी का अनिवार्य रूप से टीकाकरण होना आवश्यक है। यदि 20 अप्रैल तक संस्थान द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि जो संस्थान अपने कर्मचारियों, परिजनों एवं संबंधितों का शत-प्रतिशत टीकाकरण करवा लें वे अपने संस्थान के बाहर पूर्ण टीकाकरण संस्थान का संदेश देता बोर्ड भी लगा सकते हैं, जिससे अन्य संस्थानिक लोगों को प्रेरणा मिलेगी और आम लोगों को भी इससे हौसला मिलेगा।

### समाजसेवियों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए

बैठक में उपस्थित सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने इस अभियान को एक मिशन की तरह संपादित करने का संकल्प लेते हुए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। रोटरी क्लब सचिव दीप्ति कोठारी ने रोटरी सदस्यों एवं आसपास के निवासियों के लिए रोटरी क्लब सभाकक्ष में वैक्सीनेशन कैंप लगवाने का आग्रह किया। श्री शैलेंद्र डागा ने माहेश्वरी भवन कसारा बाजार में समाज के सभी बंधुओं के लिए वैक्सीनेशन कैंप आयोजित करने का सुझाव दिया। श्री महेंद्र गादिया ने मोहन टॉकीज क्षेत्र में जैन समाज से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों एवं परिजनों के टीकाकरण के लिए तथा श्री मांगीलाल जैन ने लोकेंद्र भवन कंपाउंड में विशेष कैंप लगाने का आग्रह किया। गुरुनानक भवन विरियाखेड़ी में आज से प्रारंभ हुए विशेष कैंप में क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति का उल्लेख करते हुए विनोद करमचंदानी ने आसपास के क्षेत्र में समाज के माध्यम से उद्घोषणा करवाने की अनुमति चाही। समाजसेवी खुर्शीद अनवर एवं सलीम आरिफ ने आने वाले समय में रमजान को दृष्टिगत रखते हुए मुस्लिम एवं बोहरा बहुल क्षेत्रों में रात के समय वैक्सीनेशन कैंप लगाने की व्यवस्था करने का आग्रह किया। गोविंद काकानी ने बाल चिकित्सालय में वैक्सीनेशन के प्रति लोगों के रुझान को दृष्टिगत रख इसी प्रकार के प्रयास अन्य स्थानों पर करने पर जोर दिया। इमरान खोकर ने विश्वास जताया कि समाज के लोगों में यदि कोई भ्रांतियां व्याप्त है तो हम उसे घर-घर पहुंचकर कर दूर करवाएंगे। मनोहर पोरवाल ने सामाजिक स्तर पर लोगों को जागरूक करने तथा उन्हें टीकाकरण करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में रोटरी क्लब लायंस क्लब, व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों, रोबिन हुड आर्मी के सदस्य ने भी अपने स्तर पर कार्य योजना बनाकर अधिक से अधिक लोग को सपरिवार वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिए।

# शहर हमारा है, इसे वैक्सीनेशन में नंबर वन बनाएं : कलेक्टर

## समाजसेवी संस्थाओं ने लिया शहर में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराने का संकल्प



**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड ने रतलाम शहर के सामाजिक संगठनों, समाजसेवियों एवं सामाजिक रूप से सक्रिय पदाधिकारियों से कहा कि कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए रतलाम शहर में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन बहुत आवश्यक है। कोरोना के खात्मे के लिए वैक्सीनेशन जरूरी है और शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए आप सभी को आगे आना होगा, सामाजिक दायित्व को निभाना होगा। इस पुनीत प्रयास में लीडरशिप करना होगी और समाज को जागरूक बनाना होगा। इस अभियान को वैक्सीन उत्सव, बना दें। वैक्सीनेशन ही हमें प्रसन्नता और खुशियों के अवसर प्रदान करेगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षीसिंह, एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े, अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर श्री अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शहर के सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न सक्रिय सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि वैक्सीनेशन को लेकर यदि आम नागरिकों में किसी तरह की भ्रांतियां हैं तो उन्हें बताएं, उन्हें जागरूक करें। इस कार्य में हमारी आवश्यकता हो तो हम भी उन भ्रांतियों को दूर करने के लिए तत्पर हैं।

**बीएलओ की सहायता लें:** कलेक्टर ने कहा कि 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के आपके क्षेत्र के या समाज के व्यक्तियों की जानकारी आप लेना चाहें तो संबंधित क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर से सहायता ले सकते हैं। बीएलओ के पास सभी मतदाताओं की आयु वार जानकारी होती है। आप जिन व्यक्तियों के पास वैक्सीनेशन की अपील के साथ पहुंच रहे हैं, उन्होंने वैक्सीनेशन कराया है अथवा नहीं यह भी जानकारी लें।

**समाजसेवियों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए:** बैठक में उपस्थित सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने इस अभियान को एक मिशन की तरह संपादित करने का संकल्प लेते हुए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। रोटरी क्लब सचिव दीप्ति कोठारी ने रोटरी सदस्यों एवं आसपास के निवासियों के लिए रोटरी क्लब सभाकक्ष में वैक्सीनेशन कैंप लगवाने का आग्रह किया। शैलेंद्र डागा ने माहेश्वरी भवन कसारा बाजार में समाज के सभी बंधुओं के लिए वैक्सीनेशन कैंप आयोजित करने का सुझाव दिया। महेंद्र गादिया ने मोहन टॉकीज क्षेत्र में जैन समाज से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों एवं परिजनों के टीकाकरण के लिए तथा मांगीलाल जैन ने लोकेंद्र भवन कंपाउंड में विशेष कैंप लगाने का आग्रह किया। गुरुनानक भवन थिरियाखेड़ी में आज से प्रारंभ हुए विशेष कैंप में क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति का उल्लेख करते हुए विनोद करमचंदानी ने आसपास के क्षेत्र में समाज के माध्यम से उद्घोषणा करवाने की अनुमति चाही। समाजसेवी खुर्शीद अनवर एवं सलीम आरिफ ने आने वाले समय में रमजान को दृष्टिगत रखते हुए मुस्लिम एवं बोहरा बहुल क्षेत्रों में रात के समय वैक्सीनेशन कैंप लगाने की व्यवस्था करने का आग्रह किया। गोविंद काकानी ने बाल चिकित्सालय में वैक्सीनेशन के प्रति लोगों के रुझान को दृष्टिगत रख इसी प्रकार के प्रयास अन्य स्थानों पर करने पर जोर दिया। इमरान खोकर ने विश्वास जताया कि समाज के लोगों में यदि कोई भ्रांतियां व्याप्त है तो हम उसे घर-घर पहुंचकर कर दूर करवाएंगे। मनोहर पोरवाल ने सामाजिक स्तर पर लोगों को जागरूक करने तथा उन्हें टीकाकरण करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में रोटरी क्लब लायंस क्लब, व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों, रोबिन हुड आर्मी के सदस्य ने भी अपने स्तर पर कार्य योजना बनाकर अधिक से अधिक लोगों को सपरिवार वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

# ग्रीष्मकाल में पानी की उपलब्धता का आंकलन कर कार्य योजना बनाएं

## कलेक्टर ने समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



रतलाम ● स्वदेश समाचार

जिले में पानी की उपलब्धता का आंकलन करें ताकि मई, जून माह में नागरिकों को पेयजल की दिक्कत न हो। जिले का जल स्तर कितना कम हुआ है उस अनुसार कार्य योजना बनाएं। पेयजल परिवहन के लिए अभी से योजना बनाए। जल के वैकल्पिक स्त्रोत एवं अतिरिक्त व्यवस्था के लिए तैयार रहें।

कलेक्टर गोपालचंद डाड ने कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों को इस बाबद समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन उपार्जन केंद्रों पर होने वाली खरीदी की जानकारी देना सुनिश्चित करें। खाद्यान्न भंडारण की भी पर्याप्त व्यवस्था करें। उन्होंने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था और अन्नोत्सव के तहत वितरित राशन की मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कितने लोगों को राशन सामग्री प्रदान की जा रही है। यह व्यवस्था सुनिश्चित करें। महिला बाल विकास विभाग अधिकारी को उन्होंने निर्देश दिए कि कुपोषण के लिए जिले में किए जा रहे हैं कार्यों को मॉनिटरिंग करें। आंगनवाड़ियों में जो व्यवस्थाएं की जा रही है उस पर निगरानी रखें और सेहत की बगिया और पोषण वाटिका के माध्यम से जो प्रयास किए जा रहे हैं इसे और अधिक बढ़ाएं। उन्होंने सैलाना एसडीएम को निर्देशित किया कि वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अमान्य दावों के पुनरीक्षण की कार्रवाई को त्वरित गति से किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र दिया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में नगर निगम, पंजीयन विभाग, उद्योग विभाग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा एवं अन्य विभागों से संबंधित बिंदुओं पर भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

स्वदेश

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– नईदुनिया –पृष्ठ 18 ...दिनांक 06/04/2021

# जिम्मेदारी निभाना है, वैक्सीनेशन में शहर को नंबर वन बनाना है

## जागरूकता : समाजसेवी, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने लिया संकल्प

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना संक्रमण रोकने के लिए शहर में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन बहुत आवश्यक है। इसके लिए सभी को आगे आकर सामाजिक दायित्व को निभाना होगा। इस अभियान को वैक्सीन उत्सव बना दें। वैक्सीनेशन ही हमें प्रसन्नता और खुशियों के अवसर प्रदान करेगा। यह बात सोमवार को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने शहर के समाजसेवियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक में कही।



रतलाम में कोरोना का टीका लगवाते हुए सिंधी समाजजन। • नईदुनिया



कलेक्टोरेट सभागार में बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड। • नईदुनिया

बैठक में जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह, एडीएम जमुना भिड़े, अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, जिला टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि वैक्सीनेशन के कैंप लगाने में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। समाज के या क्षेत्र के लोगों के लिए किसी विशेष दिन कैंप लगवाना चाहते हैं तो इसके लिए एसडीएम शहर से संपर्क कर कैंप आयोजित करवा सकते हैं। हमें यह प्रयास करना होगा कि लोग वैक्सीन तक आएं उससे पहले वैक्सीन उन तक पहुंचे।

**बीएलओ की सहायता लें :** कलेक्टर ने कहा कि 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के क्षेत्र के या समाज के व्यक्तियों की जानकारी बूथ लेवल आफिसर से ले सकते हैं। बीएलओ के पास सभी मतदाताओं की आयु वार जानकारी होती है। आप जिन व्यक्तियों के पास वैक्सीनेशन की अपील के साथ पहुंच रहे हैं, उन्होंने वैक्सीनेशन कराया है अथवा नहीं यह भी जानकारी लें।

**व्यापारिक संस्थान 20 अप्रैल तक पूर्ण टीकाकरण करवाएं :** बैठक में उपस्थित व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों की सहमति से यह निर्णय लिया कि रतलाम शहर में सभी व्यापारिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों में संलग्न प्रतिष्ठान, औद्योगिक संस्थानों में 20 अप्रैल तक पूर्ण टीकाकरण अनिवार्य रूप से किया जाए। यदि 20 अप्रैल तक संस्थान द्वारा ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की जा सकेगी। शत-प्रतिशत टीकाकरण के बाद संस्थान के बाहर पूर्ण टीकाकरण संस्थान का संदेश देता बोर्ड भी लगा सकते हैं। इससे अन्य संस्थान भी प्रेरित होंगे।

**समाजसेवियों ने क्षेत्रवार शिविर के लिए सुझाव :** बैठक में रोटरी क्लब सचिव दीप्ति कोठारी ने रोटरी सदस्यों एवं आसपास के निवासियों के लिए रोटरी क्लब सभाकक्ष में वैक्सीनेशन कैंप लगवाने का आग्रह किया। पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने माहेश्वरी भवन कसारा बाजार में, महेंद्र गादिया ने मोहन टाकीज क्षेत्र में, मांगीलाल जैन ने लोकेंद्र भवन कंपाउंड में विशेष कैंप लगाने का आग्रह किया। समाजसेवी खुर्शीद अनवर एवं सलीम आरिफ ने आने वाले समय में रमजान को दृष्टिगत रखते हुए मुस्लिम एवं बोहरा बहुल क्षेत्रों में रात के समय वैक्सीनेशन कैंप लगाने की व्यवस्था करने का आग्रह किया। गोविंद काकानी ने बाल चिकित्सालय में वैक्सीनेशन के प्रति लोगों के रुझान को दृष्टिगत रख इसी प्रकार के प्रयास अन्य स्थानों पर करने पर जोर दिया। इमरान खोकर ने विश्वास जताया कि समाज के लोगों में यदि कोई भ्रांतियां व्याप्त है तो हम उसे घर-घर पहुंचकर कर दूर करवाएंगे। मनोहर पोरवाल ने सामाजिक स्तर पर लोगों को जागरूक करने तथा उन्हें टीकाकरण करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में रोटरी क्लब लायंस क्लब, व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों, रॉबिन हुड आर्मी के सदस्य ने भी लोगों को सपरिवार वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

**सभी शिक्षक व स्वजन टीकाकरण करवाएं :** कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि 45 वर्ष से अधिक उम्र के जो भी व्यक्ति शिक्षक एवं उनके स्वजन हैं उनका शत-प्रतिशत टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें।

**गुरुनानक हाल में लगा शिविर :** सोमवार को सिंधी कालोनी स्थित श्री गुरुनानक भवन में भी सोमवार से वैक्सीन लगना प्रारंभ हो गई। पहले दिन से ही लोगों का अच्छा रुझान देखने को मिला और सुबह से ही सेंटर पर लोग आते रहे। एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने भी सेंटर का दौरा किया और उपलब्ध इंतजामों पर खुशी जाहिर की। सिंधी कालोनी में सेंटर खोलने के लिए समाजसेवी विनोद करमचंदानी, विधायक चेतन्य काश्यप के माध्यम से प्रयासरत थे। रविवार को विधायक काश्यप ने प्रशासन से बात कर स्वीकृति दिलवाई। आंगनवाड़ी सुपरवाइजर संगीता लोहार के अनुसार शाम पांच बजे तक कुल 162 लोगों को टीका लगाया गया। इस दौरान आनंद कृष्णानी, मीडिया प्रभारी मुकेश नैनानी, मयूर पुरोहित, हीरालाल करमचंदानी, नरेंद्र ममतानी, एफएम धनवानी, राजू परियानी, जीएल वधानी, संतोष लालवानी, धर्मेंद्रसिंह देवड़ा, बलराम भट्ट, तन्मय त्रिवेदी, मीना टांक, सुभाष, धीरज प्रजापत, सांवरलाल, मुकेश सोनी, राजेंद्र सोलंकी आदि उपस्थित थे।

संकलन-नगर निगम, रतलाम अखबार- पत्रिका ---पृष्ठ 15 ...दिनांक 06/04/2021

संस्था पदाधिकारियों की कलेक्टर ने ली बैठक

# वैक्सीनेशन में नंबर-1 बनाने का लिया संकल्प



रतलाम. कोरोना वैक्सीनेशन शत-प्रतिशत कराए जाने के लिए सोमवार को शहर के सामाजिक संगठनों, समाजसेवियों एवं सामाजिक रूप से सक्रिय पदाधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में संकल्प लिया। सभी ने शहर को वैक्सीनेशन में नंबर एक बनाने की शपथ ली है।

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने कहा कि शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए आप सभी को आगे आना होगा, सामाजिक दायित्व को निभाना होगा। इस पुनीत प्रयास में लीडरशिप करना होगी और समाज को जागरूक बनाना होगा। अभियान को वैक्सीन उत्सव, बना दें। वैक्सीनेशन ही हमें प्रसन्नता और खुशियों के अवसर प्रदान करेगा। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि वैक्सीनेशन को लेकर यदि आम नागरिकों में किसी तरह की भ्रांतियां हैं तो उन्हें बताएं, उन्हें जागरूक करें। इस कार्य में हमारी आवश्यकता हो तो हम भी उन भ्रांतियों को दूर करने के लिए तत्पर हैं। पत्रिका

## जान है तो जहान है

कलेक्टर ने कहा कि अभियान को हम एक विशेष अभियान के तौर पर लें। जान है तो जहान है। यदि हम स्वस्थ रहेंगे तो ही सामाजिक रूप से, व्यक्तिगत रूप से उन्नति कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन के कैंप लगाने में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। यदि आप अपने समाज के या क्षेत्र के लोगों के लिए किसी विशेष दिन कैंप लगवाना चाहते हैं तो इसके लिए एसडीएम रतलाम शहर से संपर्क पर कैंप आयोजित करवा सकते हैं।

## 20 तक का समय

कलेक्टर ने सहमति से निर्णय लिया कि शहर में सभी व्यापारिक एवं व्यवसायिक गतिविधियों में संलग्न प्रतिष्ठान, औद्योगिक संस्थान में 20 अप्रैल तक पूर्ण टीकाकरण अनिवार्य रूप से किया जाए। संस्थान के सभी सदस्य उनके परिवार के सदस्य जो 45 वर्ष से अधिक उम्र के हैं उन सभी का अनिवार्य रूप से टीकाकरण होना आवश्यक है। यदि 20 अप्रैल तक संस्थान द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जा सकेगी।

## समाजसेवियों ने दिए सुझाव

बैठक में उपस्थित सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने इस अभियान को एक मिशन की तरह संपादित करने का संकल्प लेते हुए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। रोटरी क्लब सचिव दीप्ति कोठारी ने रोटरी सदस्यों एवं आसपास के निवासियों के लिए रोटरी क्लब सभाकक्ष में वैक्सीनेशन कैंप लगवाने का आग्रह किया। पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, रेडक्रॉस पूर्व चेयरमेन महेंद्र गादिया, मांगीलाल जैन, विनोद करमचंदानी, खुर्शीद अनवर, सलीम आरिफ ने भी सुझाव देते हुए वैक्सीनेशन के लिए उनके बताए स्थान पर शिविर लगाने की बात कही। गोविंद काकानी, इमरान खोकर, मनोहर पोरवाल ने भी सुझाव दिए। जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह, एडीएम जमुना भिड़े, एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, डॉ. वर्षा कुरील सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## मास्क का उपयोग न करने पर अभी तक 156 व्यक्तिओ को गिरफ्तार किया जाकर अस्थाई जेल मे निरुद्ध किया

रतलाम। कोरोना को लेकर जारी गाइड लाइंस का उल्लंघन कर मास्क का उपयोग न कर लोक स्वस्थ्य को खतरे मे डालने वालो के विरुद्ध रतलाम पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रायः देखने मे आया है की कुछ लोग ज्ञान होने के बावजूद मास्क के उपयोग नहीं कर स्वंय व अन्य लोगो के स्वास्थ्य को खतरे मे डाल रहे है । जबकी कोविड-19 बीमारी को ड्ब्लुएचओ द्वारा वैश्विक महामारी घोषित किया गया है एवं न्यायालय जिला दण्डाधिकारी जिला रतलाम द्वारा आदेश क्रमांक 4095/आर-2/एडीएम/2020 दिनांक 26.08.2020 पारित कर रतलाम शहर मे धारा 144 दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 लागु की गई है । जिसके अंतर्गत मास्क का उपयोग व सोश्यल डिस्टेन्सिंग को अनिवार्य किया गया है । परंतु फिर भी कुछ लोगो द्वारा नियमो की अनदेखी कर मास्क व सोश्यल डिस्टेन्सिंग का पालन नहीं कर लोक स्वास्थ्य को खतरे मे डाल रहे है। इस दिशा मे कठोर कार्यवाही करते हुए प्रशासन व पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए, मास्क का उपयोग न करने वालो को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर खुली जेल मे निरुद्ध करने की कार्यवाही की जा रही है । आज दिनांक तक रतलाम शहर मे कार्यवाही कर कुल 156 व्यक्तिओ को गिरफ्तार किया जाकर अस्थाई जेल मे निरुद्ध किया गया है । जो कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी ।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दबंग दुनिया पृष्ठ 06 ..... दिनांक 06/04/2021

# आवारा स्वान और मच्छरों से आमजन परेशान



दबंग रिपोर्टर ■ आलोट

नगर क्षेत्र में विगत कई समय से स्वच्छता की धज्जियां उड़ रही है लेकिन जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं । जिसके चलते गंदगी दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है । नगर के हर गली मोहल्ले और चौक चौराहे पर नालियां जाम पड़ी हुई है। गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। जिन पर आवारा पशु विचरण करते हुए आसानी से दिखाई दे जाते हैं बढ़ती गंदगी और नालियों के जाम होने से मच्छरों की पैदाइश बढ़ गई है। नगर में आवारा स्वानों की भी भरमार हो गई है और वे आम जनों और बच्चों पर भी हमला कर रहे हैं नगर हर गली मोहल्ले और चौक चौराहे पर झुंड के झुंड स्वान घूमते हुए आसानी से दिखाई दे जाते हैं । कई बार शिकायत करने के बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे आम जनता परेशान हो गई है।

# मास्क का उपयोग न करने पर अभी तक 156 लोगों को किया गिरफ्तार

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

कोरोना को लेकर जारी गाइड लाइंस का उल्लंघन कर मास्क का उपयोग न कर लोक स्वस्थ्य को खतरे मे डालने वालो के विरुद्ध रतलाम पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रायः देखने मे आया है की कुछ लोग ज्ञान होने के बावजूद मास्क के उपयोग नहीं कर स्वयं व अन्य लोगो के स्वास्थ्य को खतरे मे डाल रहे है ।

जबकी कोविड-19 बीमारी को द्वारा वैश्विक महामारी घोषित किया गया है एवं न्यायालय जिला दण्डाधिकारी जिला रतलाम द्वारा आदेश क्रमांक 4095/आर-2/एडीएम/2020 दिनांक 26.08.2020 पारित कर रतलाम शहर मे धारा 144 दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 लागु की गई है । जिसके अंतर्गत मास्क का उपयोग व सोश्यल डिस्टेन्सिंग को अनिवार्य किया गया है ।

परंतु फिर भी कुछ लोगो द्वारा नियमो की अनदेखी कर मास्क व सोश्यल डिस्टेन्सिंग का पालन नहीं कर लोक स्वास्थ्य को खतरे मे डाल रहे है। इस दिशा मे कठोर कार्यवाही करते हुए प्रशासन व पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए मास्क का उपयोग न करने वालो को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर खुली जेल मे निरुद्ध करने की कार्यवाही की जा रही है । आज दिनांक तक रतलाम शहर मे कार्यवाही कर कुल 156 व्यक्तिओ को गिरफ्तार किया जाकर अस्थाई जेल मे निरुद्ध किया गया है। जो कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# संक्रमित के घूमते पाए जाने पर कार्रवाई होगी

रतलाम ● कोई भी पॉजिटिव व्यक्ति जो होम आइसोलेशन में है यदि वह आइसोलेशन से बाहर कहीं घूमता पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उस व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई के साथ उसके परिवार के अन्य सदस्यों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि यदि कहीं कंटेनमेंट क्षेत्र बनाया गया है और उस कंटेनमेंट क्षेत्र के अंदर का व्यक्ति बाहर पाया जाता है तो उस पर दो हजार का जुर्माना लगाया जाएगा तथा कार्रवाई भी की जाएगी।

# जिले में बेकाबू होता संक्रमण | रतलाम में कोरोना से 2 मौत, 314 दिन में 101 लोगों ने तोड़ा दम, एक दिन में रिकॉर्ड 95 पॉजिटिव मिले

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम जिले में कोरोना संक्रमण बेकाबू हो चुका है। सोमवार को 2 लोगों की मौत हो गई। इसी के साथ अब कुल मौत का आंकड़ा 100 के पार पहुंच गया है। सिर्फ 314 दिन में 101 लोगों ने दम तोड़ दिया। इधर, 95 नए संक्रमित भी मिले, जो कोरोना काल में अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। मई महीने से जिले में कोरोना से मौत का सिलसिला जारी हुआ था, अप्रैल तक आंकड़ा 101 पर पहुंच गया। चिंता की बात यह है कि इस महीने सिर्फ 5 दिन में 9 पॉजिटिव मरीज की मौत हो चुकी है। इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ। सोमवार को बड़ायला माताजी के बुजुर्ग और जवाहर नगर के व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है।

### कुल संक्रमित 6000 के करीब

कोरोना संक्रमित मरीज के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार को कोरोना काल के सर्वाधिक मरीज मिले हैं। एक साथ 95 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इससे पहले 28 मार्च को एक साथ 94 लोग पॉजिटिव मिले थे। जिले में कुल संक्रमितों का आंकड़ा 5937 पर पहुंच गया है।

श्रद्धांजलि...



## प्रशासन का एक्शन... अंदर बैठाकर खिला रहा था खाना, नेशनल होटल सील, संचालक अदनान पर एफआईआर

कोरोना गाइडलाइन की धज्जियां उड़ाने वालों पर सोमवार को सरकारी डंडा चला। प्रतिबंध के बावजूद स्टेशन रोड स्थित नेशनल होटल में ग्राहकों को अंदर बैठाकर खाना खिलाया जा रहा था। कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने होटल 24 घंटे के लिए सील कर दिया है। इतना ही नहीं होटल संचालक अदनान मोहम्मद पिता सलीमउद्दीन (28) के खिलाफ धारा 188 में स्टेशन रोड पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। जांच उपनिरीक्षक जीएल भूरिया को सौंपी गई है। उधर चेकिंग के दौरान शायर चबूतरा स्थित पंचांग सब्जी फरोश जमातखाना में आसू पिता अफजल खान का निकाह कार्यक्रम होते मिला। वह भी बिना अनुमति के। इसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरुष जमा थे। कोरोना गाइडलाइन के अनुसार अधिकांश ने न तो मास्क पहन रखा था, न तो सोशल डिस्टेंसिंग बरती जा रही थी। इस पर सरकारी अमले ने दूल्हे आसू खान का ही 2000 रुपए का चालान बनाया।

### बिना अनुमति निकाह प्रोग्राम करने पर दूल्हे का 2000 रुपए का चालान काटा



सायर चबूतरे के जमातखाने में हुई शादी के दौरान बिना मास्क के साथ बड़ी तादाद में मेहमान नजर आए।

### नेहरू स्टेडियम की चौपाटी खाली करवाई, 51 को चलित जेल भेजा


सरकारी अमले की कार्रवाई शाम 4.30 बजे से शुरू होकर रात 9.30 बजे तक चली। इस दौरान बिना मास्क घूम रहे 51 लोगों को पकड़कर चलित जेल भेजा गया। बाद में मास्क लगाने और गाइडलाइन का पालन करने की शपथ दिलाकर छोड़ा। चेकिंग के दौरान नेहरू स्टेडियम की चौपाटी पर खाद्य पदार्थ बेच रहे ठेलों के आसपास बड़ी संख्या में भीड़ जमा थी। सरकारी अमले ने दुकानदारों को जमकर फटकार लगाते हुए भीड़ छंटवाते हुए लोगों को वहां से रवाना किया। साथ ही दुकानदारों को चेतावनी दी कि कल से भीड़ जमा मिली तो चालानी कार्रवाई के साथ गुमटी भी जब्त की जाएगी। कार्रवाई में एडीएम जमुना भिड़े, स्टेशन रोड थाना प्रभारी किशोर पाटनवाला, औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी नीरज सारवान, दिनदयाल नगर थाना प्रभारी अशोक ननामा और नायब तहसीलदार नवीन गर्ग सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे।

# मप्र एक दिन में 8वें से 7वां संक्रमित राज्य बना, पंजाब भी पीछे


### संक्रमण विस्फोट: मुंबई-रायपुर जैसे शहरों में हर 100 टेस्ट में 20 नए मरीज

नई दिल्ली/भोपाल. भारत में लगातार विकराल होती जा रही कोरोना की दूसरी लहर संक्रमण के फैलाव के मामले में पहले से ज्यादा तेज है। मुंबई-रायपुर जैसे शहरों में अब हर 100 टेस्ट में 20 से ज्यादा नए मरीज मिलने लगे हैं, जो सितंबर 2020 के पीक के मुकाबले लगभग दोगुने हैं। संक्रमण के मामले में एक दिन पहले तक मध्यप्रदेश देश में 8वां सबसे संक्रमित राज्य था। सोमवार को यह 7वां हो गया। सिर्फ 24 घंटे में उसने पंजाब को पीछे छोड़ यह स्थान हासिल किया। शेष | पेज 7 पर

### कोरोना • नए मरीजों में हर हफ्ते 30% बढ़ोतरी; मार्च के पहले हफ्ते देश में 1.17 लाख मरीज मिले





### रोजाना मरीज... पिछले साल 11 हजार से 97 हजार होने में 96 दिन लगे, अब 60 दिन लगे




यानी...मरीज बढ़ने की रफ्तार पहले से डेढ़ गुना है। चिंता यह है कि मरीज बढ़ ही रहे हैं। नया पीक कितना ऊंचा होगा, इस पर कोई भी स्पष्ट नहीं कह पा रहा है।

### रोजाना मौतें... पिछले साल आंकड़ा 100 से 500 होने में 63 दिन लगे थे, अब 51 दिन लगे




यानी... रोज होने वाली मौतें उतनी तेजी से नहीं बढ़ीं, जितनी तेजी से मरीज बढ़े हैं। अब मृत्युदर 1.4% है, पिछले पीक में 2.6% थी।

### नगर के सभी 49 जीरो वेस्ट वार्डो में घर-घर से किया जा रहा कचरा एकत्रित

# नागरिकों के सहयोग से स्वच्छता में रतलाम बनेगा नम्बर-1

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर के सभी 49 वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है जिसके तहत स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी किया जा रहा है इस कार्य में रतलाम नगर के नागरिक भी जागरूक हो चुके है नागरिकों के सहयोग से ही रतलाम नगर स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नम्बर 1 बनेगा।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के सभी 49 वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने से वार्डो की सड़कों, गलियों एवं नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है नागरिक भी प्रातः अपने घरो, दुकानों से निकलने वाले कचरे का स्वंय गीले एवं सूख्खे कचरे पृथक्कीकरण कर कचरा संग्रहण वाहन में डाला जा रहा है इस कार्य में रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा भी पुरा सहयोग किया जा रहा है। निगम कचरा संग्रहण वाहन के सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली किया जाकर रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि को पृथक कर कबाड़ी को बेचा जा रहा है जिसका कबाड़ी द्वारा रजिस्टर भी संधारित किया जा रहा है।

वार्डों में कचरा संग्रहण वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरो पर जाकर नागरिकों से गीला एव सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला। संग्रहित किये गये सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली कर समूह की महिलाओं द्वारा कचरे की छंटनी कर एकत्रित किया गया। नागरिकों से अपील जाती है कि वे अपने घरो एवं दुकानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक कचरा पात्रों में एकत्रित कर अपने घर के बाहर रख दें निगम द्वारा उसे कचरा संग्रहण वाहन में पृथक-पृथक डाला जायेगा। निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि स्व सहायता समूहों की रैग पिकर्स महिलाऐं अपना एवं अपने परिवार का जीवन यापन करने के लिये अपने बच्चों के साथ जुलवानिया टेऊचिंग ग्राउण्ड पर सूखे कचरे से प्लास्टिक, रबर, बॉटल व अन्य सामग्री अलग-अलग करके कबाड़ी को विक्रय कर नारकीय जीवन व्यतीत कर रही थी। जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के तहत अब जुलवानिया की रैग पिकर्स महिलाओं को वार्डों में ही काम मिलने लगा है व इनकी सुरक्षा के लिये निगम द्वारा एप्रीन, ग्लव्स, मास्क आदि उपलब्ध कराये गये है। इन्हे वार्ड में ही कार्य मिलने से इनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

गंदगी का मुख्य कारण है पॉलीथीन इसलिये 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन को पूर्णतः बंद किया जाना है इस हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने सभी वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, स्पॉट फाईन दल यह निगरानी रखें कि इसका भण्डारण कहां होता है व विक्रय कौन कौन करता है सही जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित की पॉलीथीन जब्त की जाकर फुटकर व्यवसायियों पर 50 व दुकानदारों पर 5000 का स्पॉट फाईन किया जावे।

दबंग-5